'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 6th Semester Examination, 2023

DSE1/2-P2-HINDI (6A/6B)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र संख्या **DSE-6A** 'हिन्दी रेखाचित्र' तथा पत्र संख्या **DSE-6B** 'हिन्दी संस्मरण साहित्य' में से किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए।

DSE-6A

हिन्दी रेखाचित्र

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) 'रेखाचित्र' का विधागत परिचय दीजिए।

(ख) महादेवी वर्मा द्वारा रचित रेखाचित्र 'गिल्लू' किस संग्रह से लिया गया है एवं इसका मूलभाव क्या है ?

(ग) पठित पाठ के आधार पर महाकवि जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व के तीन आयामों का उल्लेख कीजिए।

(घ) बनारसीदास चतुर्वेदी द्वारा रचित किन्हीं दो रेखाचित्रों के नाम और उनका प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ङ) 'कैसे इन्हें मालूम हुआ कि मैं यहाँ हूँ!' आश्चर्य है, यह कथन किसका और किसके प्रति है ?

(च) 'बाईस वर्ष बाद' शीर्षक का आशय स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) शिवपूजन सहाय का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) 'मूक प्राणी मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते' 'एक कुत्ता और एक मैना' रेखाचित्र के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'गिल्लू' कौन था ? उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' रेखाचित्र के आधार पर जयशंकर प्रसाद की धार्मिक रुचि पर प्रकाश डालिए।

(ङ) रेखाचित्रकार के रूप में बनारसीदास चतुर्वेदी के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी रेखाचित्र साहित्य में महादेवी वर्मा के योगदान पर अपना विचार दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) पठित रेखाचित्रों के कथ्य की तुलनात्मक समीक्षा कीजिए।

(ख) 'गिल्लू' रेखाचित्र की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) "शिवपूजन सहाय की दृष्टि में प्रसाद जी महान साहित्यकार के अतिरिक्त और भी बहुत कुछ थे।" – रेखाचित्र के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

DSE-6B

हिन्दी संस्मरण साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) 'आप को किसी ने राखी नहीं बाँधी' इस कथन का वक्ता, श्रोता और प्रसंग बताएं।

(ख) 'निरालाभाई' संस्मरण के शीर्षक का स्वरूप बताएं।

(ग) रायकृष्णदास के व्यक्तित्व के किन्हीं तीन आयामों का उल्लेख कीजिए।

(घ) संस्मरण के मुख्य तत्वों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) संस्मरण और यात्रा वृतांत के मुख्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

(च) संस्मरण की भाषा की विशेषताओं का परिचय दीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के यथा निर्देश उत्तर लिखिए। 6×4 = 24

(क) 'स्मरण का स्मृतिकार' संस्मरण की भाषिक विशेषता पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) संस्मरण और रेखाचित्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

"उनका मार्ग चाहे ऐसे भग्नावशेषों से भर गया हो जिनके पुनर्निर्माण में समय लगेगा, पर ऐसी अडिग शिलाएँ नहीं हैं, जिनको देख देख कर उन्हें निष्फल क्रोध में दाँत पीसना पड़े या निराश पराजय में आह भरना पड़े।"

(घ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए –

"एक अदृश्य शक्ति के समान उसकी सत्ता भारतीयों के हृदय में विहार करती और जमीन तथा झाड़ों पर विदेशी ताकत का साम्राज्य रहते हुए भी वह करोडों भारतीयों का हृदय सम्राट था।"

(ङ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

"वाणी और मन का कितना अविच्छिन्न सम्बन्ध है, मन ही वाणी को प्रभावित नहीं करता, वाणी भी मन पर अनिवार्य प्रभाव डालती है।"

(च) महादेवी वर्मा के संस्मरण 'निराला भाई' के शिल्प पर विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 12×2 = 24

(क) 'संस्मरण का स्मृतिकार' संस्मरण के कथ्य की समीक्षा कीजिए।

(ख) दादा स्व. पं. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' शीर्षक संस्मरण के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'तुम्हारी स्मृति' संस्मरण के शिल्पगत वैशिष्ट्य पर विचार कीजिए।

(घ) पठित संस्मरणों में से आप शिल्प की दृष्टि से किस संस्मरण से सर्वाधिक प्रभावित हैं ? और क्यों ? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

——×——